

# लाखों रुपए ऑनलाइन गेम में हारी

## 41 लाख रुपए का गबन कर फरार हुई कैशियर दिल्ली से गिरफ्तार



नवभारत न्यूज

**खरगोन, निप्र ।** जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक की ठीबगांव शाखा से 41 लाख 58 हजार 95 रुपये का गबन कर फरार हुई महिला केशियर ऋतु गोयल को खरगोन पुलिस ने दिल्ली से गिरफ्तार किया है। पुलिस जांच में खुलासा हुआ है कि गबन की राशि से न केवल कॅशियर गोयल ने बल्कि परिजनों को भी मौज कराई। आरोपी महिला का कहना है कि ऑनलाईन गेम में बड़ी रकम हारने से यह कदम उठाया था। पुलिस गिरफ्त में आई कैशियर से पुलिस महज डेढ़ लाख रुपए जब्त कर पाई है। सोमवार को मामले का खुलासा करते हुए जैतापुर थाना पुलिस ने बताया कि थाना जैतापुर में 29 मई 2025 को बैंक प्रबंधक राजेश गुप्ता की शिकायत पर केशियर ऋतु गोयल, सहायक बैंक प्रबंधक त्रयबंक वाणी और शाखा प्रबंधक राजेश राठौर के विरुद्ध गबन का प्रकरण दर्ज कराया गया था। जांच के दौरान पुलिस टीम को जानकारी मिली कि ऋतु गोयल अपने सास-ससुर, पति और बच्चे के साथ हवाई जहाज से दिल्ली गई है। पुलिस की दबिश के ठीक पहले ऋतु गोयल दिल्ली से इंदौर की ओर भागी, लेकिन अंततः खरगोन में उसे गिरफ्तार कर लिया गया। ऋतु गोयल के कब्जे से 1 लाख 49 हजार रुपये नकद, तीन मोबाइल फोन और बैंक का पहचान पत्र जब्त किया गया है। प्रारंभिक पूछताछ में जिस पर आरोप लगे ने गबन की राशि ऑनलाइन गेम में हारने की बात कही है। पुलिस ने विस्तृत पूछताछ के लिए ऋतु गोयल का रिमांड लिया है।

**पुलिस ने चार दिनों तक रखी निगरानी:-** पुलिस ने दिल्ली में पहचान छुपाकर किराना दुकान पर काम करने और गैस सिलेंडर डिलीवर करने जैसे तरीके अपनाकर उसकी तलाश की। दिल्ली के रोहिणी क्षेत्र में पुलिस टीम ने चार दिनों तक कड़ी मशक्कत की। थाना प्रभारी सुदर्शन कुमार ने पार्क में बच्चों के साथ क्रिकेट और फुटबॉल खेलकर जानकारी जुटाई। हालांकि कैशियर गोयल ने पुलिस के लगातार की जा रही सर्चिंग, छापामार कार्रवाई के बाद दिल्ली से इंदौर का रुख किया और खुद सरेंडर कर दिया। पूछताछ में ऋतु गोयल ने पुलिस को गबन की राशि को ऑनलाइन गेम में हारना बताया है।

### परिवार को भी किया गुमराह

पुलिस ने बताया कि फरार कैशियर गोयल ने अपने परिजनों को भी गुमराह किया था। राशि का गबन करने के बाद अपने ससुराल मुंबई भाग गई थी। मुंबई में परिजनों को बताया की बैंक से छुट्टी लेकर आई हुं। परिवार के सभी लोगों का मोबाईल नंबर बंद करवा दिए। उन्हें कहा कि बैंक वाले परेशान करेंगे, छुट्टी नही मनाने देंगे। इसके बाद पति यतिन गोस्वामी सहित पति, बच्चे और सास-ससुर को हवाई यात्रा कराते हुए दिल्ली पहुंच गई थी।

# उपजेल कैदियों ने किया योग

**कसरावद, निप्र ।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस महोत्सव के उपलक्ष्य में मध्य प्रदेश की सभी जेलों में 15 से 21 जून तक योग सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में सब जेल कसरावद में योग कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें बंदियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर योगाभ्यास किया। कार्यक्रम का उद्देश्य बंदियों को शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ बनाना तथा उनके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाना है।

मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन में आयोजित योग सप्ताह का प्रदेश स्तरीय शुभारंभ केंद्रीय जेल जबलपुर से किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के प्रशासनिक न्यायाधीश एवं मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यकारी अध्यक्ष न्यायमूर्ति विवेक रूसिया ने किया। इस अवसर पर प्रदेश की सभी जेलें ऑनलाइन माध्यम से कार्यक्रम से जुड़ीं और योग सप्ताह की औपचारिक शुरुआत हुई। योग सप्ताह के अंतर्गत आयोजित सत्र में आयुष मंत्रालय के कॉमन योगा प्रोटोकॉल के अनुसार प्राणायाम, ध्यान एवं विभिन्न योगासनों का अभ्यास कराया गया। योग प्रशिक्षकों ने बंदियों को नियमित योगाभ्यास के लाभ बताते हुए तनावमुक्त जीवन, मानसिक संतुलन तथा स्वस्थ दिनचर्या अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अधिकारियों ने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि जीवन जीने की एक समग्र पद्धति है। नियमित योगाभ्यास से शारीरिक क्षमता के साथ मानसिक एकाग्रता, आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच का विकास होता है। ऐसे आयोजन बंदियों के पुनर्वास तथा उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, खरगोन की सचिव ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि योग व्यक्ति के सर्वांगीण विकास का प्रभावी माध्यम है।









## तपती गर्मी में छबील का किया वितरण

**खरगोन, निप्र ।** गुरुसिंघ सभा ने सिख धर्म के पांचवें गुरु, शहीदों के सरताज श्री गुरु अर्जन देवजी के शहीदी पूरब के निमित्त छबील का आयोजन किया। सोमवार को श्री गुरुनानक देवजी चौराहे पर स्टॉल लगाकर छबिल राहगीरों के बीच वितरित की गई। सभा के प्रधान हरचरण सिंह भाटिया, लंगर सेवा प्रमुख जसबीर सिंह भाटिया ने बताया की तपती गर्मी मे राहगीरों ने ठंडा और मीठा शरबत ग्रहण कर राहत प्राप्त की। सभा के सेक्रेटरी कमलजीत सिंह गांधी ने बताया की सन् 1606 ईसवी में मुगल सम्राट जहांगीर ने श्री गुरु अर्जन देवजी को इस्लाम स्वीकार न करने के कारण भीषण यातनाएं दीं। इन असीम कष्टों को सहते हुए भी गुरुजी ने ईश्वर की इच्छा को तेरा भाणा मीठा लागे कहते हुए सहर्ष स्वीकार किया। संगत से कहा कि वे उनकी मौत पर शोक मनाने के बजाय शांति और सेवा का मार्ग अपनाएं। इसलिये गुरु के सर्वोच्च बलिदान की याद में छबील लगायी जाती है। छबील सेवा में बलबीर सिंह, जसबीर सिंह, राजवीर सिंह, सोनू भाटिया, अमरजीत सिंह भाटिया, सन्नी भाटिया, अमन भाटिया, सिमरन भाटिया, प्रीत भाटिया, तरनप्रीत भाटिया, इशप्रीत भाटिया ने सेवा निभाई।

## एक नजर में

### सब जेलों में योग सप्ताह अभियान का शुभारंभ

**खरगोन, निप्र ।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार प्रदेश की समस्त केंद्रीय जेल, जिला जेल एवं सब जेलों में बंदियों के स्वस्थ जीवन के लिए एक सप्ताह के विशेष योग अभियान का शुभारंभ 15 जून को किया गया। अभियान का राज्य स्तरीय शुभारंभ केंद्रीय जेल जबलपुर से ऑनलाइन किया गया, जिसका सीधा प्रसारण प्रदेश की सभी जेलों में दिखाया गया। प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मंडलेश्वर श्री अखिलेश जोशी के मार्गदर्शन में जिला जेल खरगोन एवं सब जेल मंडलेश्वर, बड़वाह, कसरावद और महेश्वर में सुबह 7 :30 बजे लाइव प्रसारण के माध्यम से बंदियों को योग कराया गया। जिला जेल खरगोन में आयोजित कार्यक्रम में जिला न्यायाधीश श्री राजकुमार यादव की गरिमामयी उपस्थिति रही। सब जेल बड़वाह में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं वरिष्ठ खंड न्यायाधीश श्रीमती प्रीति जैन ने योग सप्ताह अभियान में सहभागिता कर बताया कि यह अभियान 15 जून से 21 जून तक निरंतर संचालित रहेगा, जिसका उद्देश्य बंदियों को शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रखना है। मंडलेश्वर सब जेल में दो एलईडी स्क्रीन बैरक के बाहर मैदान में लगाई गई, जहाँ 68 बंदियों ने लाइव प्रसारण देखते हुए सूर्य नमस्कार एवं अन्य योगासनों का अभ्यास किया। इस अवसर पर जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री चन्द्रेश मंडलोई, सहायक जेल अधीक्षक श्रीमती श्वेता मीणा, पीएलवी श्री दुर्गेश राजदीप सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### विधायक पाटीदार ने हितग्राहियों को किया लाभांवित

**खरगोन, निप्र ।** केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूरे होने पर 12 साल बेमिसाल जनकल्याण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर 17 जून तक रहेगा। सोमवार डायवर्सन रोड़ स्थित नर्मदा भवन में तीन दिवसीय शिविर का विधायक बालकृष्ण पाटीदार ने बतौर मुख्य अतिथि शुभारंभ किया। सरकार आपके द्वार, जनकल्याण के अधिकार.. का संदेश लेकर आयोजित शिविर में विधायक श्री पाटीदार ने विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को मंच से लाभांवित किया। इस दौरान विधायक श्री पाटीदार ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार डबल इंजन की तरह काम कर रही है। इसमें हर वर्ग के व्यक्ति लाभांवित हो रहे है। सरकार ने जन्म से लेकर मृत्यु तक की योजनाएं संचालित की है। केंद्र मे 12 और प्रदेश में करीब 23 वर्ष के कार्यकाल में जो विकास हुआ है, जो लाभ आमजन को मिला है, वह हर कोई महसूस कर रहा है। उन्होंने अपील की है कि जो लोग लाभी उठा रहे है, वह अपने आसपास के लोगों को भी योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित करें। एसडीएम सत्येंद्र बैरवा ने कहा कि शासन की योजनाओं का हितग्राहियों तक शत-प्रतिशत लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से यह शिविर आयोजित किया गया है। इसमें सभी विभागों के स्टॉल लगे है, जहां आवेदक अपने आवेदन कर सकता है।

### मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त होना लोकतंत्र के इतिहास का काला अध्याय : ठा . जयसिंह

**खरगोन, निप्र ।** कांग्रेस ने राज्यसभा चुनाव के लिए अपनी उम्मीदवार मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त होने पर कड़ा विरोध दर्ज किया है। इस निर्णय के खिलाफ कांग्रेस ने सोमवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर उच्च स्तरीय जांच की मांग को लेकर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के बाद जिला कांग्रेस कार्यालय पर प्रेसवार्ता भी आयोजित की गई। यहां कांग्रेस जिला प्रभारी ठाकुर जयसिंह ने कहा कि मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त किया जाना चुनावी प्रक्रिया की निष्पक्षता, पारदर्शिता एवं लोकतांत्रिक मूल्यों पर गंभीर प्रश्न खड़े करता है। नामांकन निरस्त होना लोकतंत्र के इतिहास का काला अध्याय है। नामांकन पत्र केवल वैधानिक आधारों पर ही निरस्त किया जा सकता है। गैर-गंभीर त्रुटियों के आधार पर नामांकन निरस्त नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि एक मजबूत और लोकप्रिय उम्मीदवार का नामांकन बिना किसी ठोस और उचित कारण के निरस्त करना लोकतांत्रिक प्रक्रिया का सीधा अपमान है। जयसिंह ने आरोप लगाया कि यह निर्णय निष्पक्ष और स्वतंत्र चुनाव कराने की मूल भावना के विपरीत है।

### नावघाटखेड़ी में नर्मदा तटों पर उमडा आस्था का सैलाब



**बड़वाह, निप्र ।** 30 साल बाद आए इस महापुण्यदायी अवसर पर बड़वाह के समीप नावघाटखेडी स्थित नर्मदा घाटों पर श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। सुबह तड़के से ही भक्त नर्मदा स्नान के लिए पहुचने लगे थे और यह सिलसिला दोपहर तक जारी रहा, हजारों श्रद्धालुओं ने माँ नर्मदा के शीतल जल में डुबकी लगाकर पुण्य लाभ कमाया। उन्होंने सूख-समृद्धि की कामना की और धार्मिक अनूष्ठान किए दादु पंडित के अनूसार, धार्मिकऔर ज्योतिषीय गणना के अनुसार पुरुषोत्तम मास में सोमवती अमावस्या का यह दुर्लभ महासंयोग 30 साल बाद आया है। इससे पहले ऐसा विशेष योग वर्ष 1996 में बना था पुरुषोत्तम मास सर्मापेत है भगवान विष्णु को जबकि सोमवार और अमावस्या तिाथि भगवान शिव व पितरों से संबंधित है। नर्मदा स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने तट पर बैठे ब्राह्मणों और जरूरतमंदों को अपनी सामर्थ्य अनुसार अनाज, वस्त्र और दक्षिणा का दान किया। स्नान के पश्चात श्रद्धालओं ने नावघाटखेडी के प्राचीन मंदिरों भगवान शिवाजी, हनुमान जी और माँ नर्मदा के मंदिरों में दर्शन किए। भक्तो की भारी भीड को देखते हुए कइ मंदिरों में विशेष आरती और भोग का आयोजन किया गया। घाटों पर उमडी भारी भीड के मद्दे नजर स्थानीय प्रशासन और पुलिस विभाग ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे। गहरे पानी में किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए मुख्य घाटों पर नावों के साथ गोताखोरों की टीम लगातार निगरा्नी कर रही थी।

# मेधावी विद्यार्थियों को किया पुरस्कृत

**सनावद, निप्र ।** अंतर्राष्ट्रीय पोरवाड़ दिगंबर जैन सामाजिक मंच, सनावद ज़ोन के तत्वावधान में रविवार को मेधावी छात्र-छात्रा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में समाज के उन प्रतिभावान विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट अंक अर्जित कर परिवार एवं समाज का गौरव बढ़ाया।

मंच के मीडिया प्रभारी सन्मति जैन 'काका' ने बताया कि कार्यक्रम में मंच के पदाधिकारियों ने सभी मेधावी विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र, माला, पेन एवं उपहार भेंट कर उनका उत्साहवर्धन किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंच के अध्यक्ष ने कहा कि शिक्षा ही मनुष्य का सच्चा आभूषण है। समाज का भविष्य युवाओं के कंधों पर टिका है। मंच का सतत प्रयास है कि प्रतिभाओं को समय-समय पर पहचानकर उन्हें प्रोत्साहित किया जाए, ताकि वे आगे बढ़कर देश-समाज का नाम रोशन करें। इस अवसर पर विशुद्धि रितेश जैन, प्रसिद्धि रितेश जैन, प्रेक्षा विभूति जैन, घनिषा राहुल स्वास्तिक लब्धि महावीर जैन, अविरुद्ध राहुल जैन, मोक्ष मितेश जैन एवं स्पर्श रजनीश जैन का सम्मान किया गया।



# मंदिर में कन्या पूजन के बाद कराया भोजन

**कसरावदस, निप्र ।** पुरुषोत्तम माह में सोमवती अमावस्या के पावन अवसर पर नगर के श्री बालकृष्ण हनुमान मंदिर एवं सनातन धर्म सेवा समिति के द्वारा कन्या पूजन एवं कन्याभोज का आयोजन किया गया । कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित किया।

आयोजन के दौरान यजमान अरविन्द राठौड़ ने सपत्नीक के साथ विधि-विधान से कन्याओं का पूजन किया। उन्होंने कन्याओं के चरण पखारकर भोजन कराकर आशीर्वाद लिया । इस अवसर पर मंदिर परिसर में भक्तिमय माहौल बना रहा। सनातन धर्म सेवा समिति के संस्थापक जगदीश राठौड़ ने बताया कि पुरुषोत्तम माह का सनातन धर्म में विशेष महत्व होता है। इस माह में किए गए दान, पुण्य, जप, तप एवं धार्मिक अनुष्ठानों का फल कई गुना अधिक प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि कन्या पूजन भारतीय संस्कृति की महत्वपूर्ण परंपरा है, जिसमें बालिकाओं को देवी स्वरूप मानकर उनका सम्मान किया जाता है।

कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं ने धर्म, सेवा और संस्कारों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए समाज में ऐसे आयोजनों को निरंतर बढ़ावा देने की बात कहीं । इस अवसर पर यशवंत राठौड़, विशाल महाजन, रवि राठौड़, आनंदराम यादव, मितेश यादव, राकेश यादव, रवि पाल सहित सनातन धर्म सेवा समिति के अनेक सदस्य एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।



## वृंदावन की तर्ज पर सजा बांके बिहारी का मनोहारी फूल बंगला

**खरगोन, निप्र ।** पुरुषोत्तम मास के समापन पर बांके बिहारी मंदिर में वृंदावन की तर्ज पर मनोहारी फूल बंगला सजाया गया। मंदिर में स्थापित प्रतिमाओं का विशेष श्रृंगार किया गया, जिसे देख भक्त भाव.विभोर हो गए। मंदिर संस्थापक श्याम बड़ोले ने बताया कि सोमवती अमावस के पावन दिन पर पिछले एक माह से श्रद्धापूर्वक चल रही काकड़ा आरती का विराम किया गया। यह आरती पुरुषोत्तम मास के दौरान प्रतिदिन सुबह आयोजित की जा रही थी। आरती के समापन के बाद, मंदिर परिसर को विभिन्न प्रकार के सुगंधित और रंग-बिरंगे फूलों से आकर्षक रूप से सजाकर एक भव्य फूल बंगला तैयार किया गया। यह फूल बंगला वृंदावन के प्रसिद्ध मंदिरों में सजाए जाने वाले दिव्य बंगलों की भांति ही अत्यंत मनमोहक था, जिसने उपस्थित सभी श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। श्री बड़ोले ने आगे बताया कि इस विशेष आयोजन के तहत बांके बिहारी की प्रतिमाओं का भी दिव्य और मनोहारी श्रृंगार किया गया। आकर्षक पोशाकों, आभूषणों और ताजे फूलों से सज्जित प्रतिमाएं अत्यंत सुंदर और जीवंत प्रतीत हो रही थीं।

# महाराणा प्रताप जयंती पर धूमधाम के साथ निकाला चल समारोह

**मंडलेश्वर, निप्र ।** महाराणा प्रताप जी की जयंती के उपलक्ष्य में रविवार को ग्राम धरगांव में भव्य एवं ऐतिहासिक आयोजन किया गया। आयोजन को लेकर राजपूत समाज एवं युवा वर्ग द्वारा कई दिनों से व्यापक तैयारियां की गई थीं। क्षत्रिय महाराणा प्रताप राजपूत समाज धर्मशाला से विशाल चल समारोह का शुभारंभ हुआ, जिसमें डोल-नगाड़ों, डीजे, घोड़ों, आतिशबाजी और केसरिया ध्वजों के साथ हजारों की संख्या में राजपूत समाज के लोग शामिल हुए।

चल समारोह का मुख्य आकर्षण दुर्गा वाहिनी ग्रुप की बालिकाएं रहीं, जिन्होंने घोड़ों पर सवार होकर हाथों में केसरिया ध्वज थामे हुए चल समारोह की अगुवाई की। बालिकाओं द्वारा तलवारों से किए गए हैरतअंगेज करतबों ने सभी का मन मोह लिया। चल समारोह के दौरान 101 वर्षीय सेवानिवृत्त शिक्षक वरिष्ठ समाजसेवी बापू सिंह मंडलोई का समाज के पदाधिकारियों एवं वरिष्ठजनों द्वारा विशेष स्वागत एवं सम्मान किया गया। यह भव्य शोभायात्रा राजपूत समाज धर्मशाला से प्रारंभ होकर अंबिका मंदिर परिसर एवं नागेश्वर मंदिर चौराहा सहित विभिन्न मार्गों से होते हुए पुनः राजपूत समाज धर्मशाला पहुंची। मार्ग में सिरवी समाज, पाटीदार समाज, व्यापारी एसोसिएशन धरगांव, श्रीराम सेवा फाउंडेशन एवं अन्य सामाजिक संगठनों द्वारा चल समारोह का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। चल समारोह के पश्चात राजपूत समाज धर्मशाला में महाराणा प्रताप जी के छायाचित्र का विधि-विधानपूर्वक पूजन-अर्चन किया गया। कार्यक्रम में राजपूत समाज धरगांव अध्यक्ष सबल सिंह पटेल, उपाध्यक्ष राजेंद्र मंडलोई, राकेश सोलंकी सामूहिक विवाह समिति उपाध्यक्ष बलराम मंडलोई, धर्मशाला सचिव ठाकुर योगेंद्र मंडलोई, समिति सचिव रणजीत मंडलोई दौलत दरबार, योगेंद्र मंडलोई, दिनेश पटेल ,तहसील राजपूत समाज अध्यक्ष प्रताप सिंह चौहान, पिपल्या बुजुर्ग सामूहिक विवाह समिति अध्यक्ष गजरात पटेल, वरिष्ठ समाजसेवी बाबू सिंह पटेल, पवन तंवर सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।



## भीकनगांव और पंधाना तहसील के कई गांव में पहुंचा नर्मदा का जल

**भीकनगांव, निप्र ।** जिले की महत्वकांक्षी झिरनिया माइक्रो लिफ्ट परियोजना का दौड़वा स्थित पंप हाउस क्रमांक 1 से भातलपुरा पंप हाउस क्रमांक 2 तक का मेन राइजिंग लाईन का टेस्टिंग सफल रहा है। परियोजना का कार्य निर्धारित समय सीमा से पहले पुरा होने से झिरनिया तथा पंधाना क्षेत्र के कई गांवों में किसानों के खेतों में नर्मदा का पानी पहुंचा है। इससे किसानों में खुशी का माहौल है। उल्लेखनीय हैं कि 1305.81 करोड़ लागत की झिरनिया माइक्रो लिफ्ट परियोजना के निर्माण का कार्य जनवरी 2023 में मे. जगदीश गुप्ता, ठेकेदार इंदौर द्वारा शुरु किया गया था। इस परियोजना के कार्य को दिसंबर 2029 निर्धारित किया जाना था। किंतु समय से पूर्व एनव्हीडीए विभाग एवं ठेकेदार के विशेष प्रयासों से यह परियोजना निर्धारित समय से 30 माह पूर्व जून 2026 में पूर्ण कर ली गई है। एनवीडीए के कार्यपालन यंत्री एमके सिंह ने बताया कि खरगोन जिले की भीकनगांव तहसील के 44 गांव, खंडवा जिले के पंधाना तहसील के 39 गांव सहित 83 गांव लाभान्वित होकर 39,520 हेक्टेयर रकबा सिंचित होगा एनवीडीए एसडीओ केएस खंगार ने बताया कि इस परियोजना में भूमिगत पाइपलाइन के माध्यम से सीसीए क्षेत्र में 2.5 हेक्टेयर तक के कृषि क्षेत्र को पाइप्ड कैनाल प्रणाली के माध्यम से सिंचाई सुविधा भी प्रदान की जाएगी।

## फांसी पर लटका अधेड़, हुई मौत

नवभारत न्यूज

**गोगावा, निप्र ।** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मछलगांव में एक अधेड़ व्यक्ति ने खेत में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस अनुसार मालूम हुआ कि पारिवारिक विवाद होने के चलते 56वर्षीय जगदीश पिता छगन यादव निवासी मछलगांव ने रविवार रात को खेत में जाकर फांसी लगाकर जान दे दी है कारण अज्ञात बताया जा रहा है गोगावा पुलिस ने सूचना के आधार पर मोका पंचनामा बनाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए गोगावा शासकीय अस्पताल लाया गया जहां सोमवार को शव का पोस्टमार्टम कर पुलिस ने शव को परिजनों के सुपुर्द किया गया है आगे की जांच पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही होने की बात बताई जा रही है।

## विश्व वृद्धजन जागरूकता दिवस पर लगा विधिक जागरूकता शिविर

नवभारत न्यूज

**खरगोन, निप्र ।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मंडलेश्वर के अध्यक्ष एवं प्रधान जिला न्यायाधीश श्री अखिलेश जोशी के मार्गदर्शन में महेश्वर स्थित आनंद बसेरा वृद्धाश्रम में विश्व वृद्धजन दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस के अवसर पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मंडलेश्वर की सचिव एवं वरिष्ठ खंड न्यायाधीश सुश्री प्रीति जैन ने वृद्धजनों को उनके कानूनी अधिकारों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वृद्धजन हमारे समाज की अमूल्य धरोहर हैं। उनके अनुभव, ज्ञान और त्याग ने हमारे वर्तमान को संवारा है। इसके बावजूद कई बार वृद्धजनों के साथ दुर्व्यवहार होता है और वे उपेक्षा व शोषण का शिकार हो रहे हैं, जो चिंताजनक है। सुश्री जैन ने कहा कि वृद्धजनों की सुरक्षा, सम्मान और गरिमा सुनिश्चित करना हम सभी का नैतिक एवं सामाजिक दायित्व है। प्रत्येक नागरिक को चाहिए कि वह वृद्धजनों के प्रति संवेदनशील रहे और उनके अधिकारों की रक्षा में सहयोग करे। इस अवसर पर जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री चंद्रेश मंडलोई ने भी वृद्धजनों को उनके अधिकारों, भरण - पोषण अधिनियम तथा निःशुल्क विधिक सहायता से संबंधित प्रावधानों की जानकारी दी। शिविर में पीएलवी जोजू मुरियाडन सहित वृद्धाश्रम के निवासी एवं अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।

## एक नजर में

### प्रशिक्षण कार्यक्रम की मुख्य प्रशिक्षक देश की प्रतिष्ठित शिक्षाविद् डॉ . भावना कुलश्रेष्ठ रहीं

# क्वालिटी एजुकेशन के लिए टीचरों को दी ट्रेनिंग

नवभारत न्यूज

**खरगोन, निप्र ।** प्रियदर्शिनी पब्लिक हायर सेकंडरी स्कूल, बोरावां में शिक्षकों के व्यावसायिक विकास एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षण को नई दिशा प्रदान करने के उद्देश्य से दो दिवसीय गहन ऑन-साइट प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। दिनांक 13 एवं 14 जून 2026 को आयोजित इस 12 घंटे के प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल छह विषयगत सत्र आयोजित किए गए, जिनमें विद्यालय के शिक्षकों एवं शैक्षणिक नेतृत्वकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

प्रशिक्षण कार्यक्रम की मुख्य प्रशिक्षक देश की प्रतिष्ठित शिक्षाविद् डॉ. भावना कुलश्रेष्ठ रहीं। डॉ. कुलश्रेष्ठ अमिटी इंटरनेशनल स्कूल की पूर्व प्राचार्या हैं तथा सीबीएसई मास्टर ट्रेनर, एनसीटीई मेंटर, शैक्षिक सलाहकार, लेखिका, प्रेरक वक्ता, डिजिटल कंटेंट क्रिएटर, पेरेंटिंग कोच एवं हैप्पीनेस लाइफ कोच के रूप में राष्ट्रीय स्तर पर अपनी विशिष्ट पहचान रखती हैं। उन्होंने पिछले तीन दशकों में दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस), केंद्रीय विद्यालय तथा विश्व भारती जैसे देश के प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थानों में अपनी सेवाएँ प्रदान की हैं। कार्यशाला के शुभारंभ अवसर पर संस्था प्राचार्य डॉ नितिन मिश्रा द्वारा मुख्य प्रशिक्षक डॉ भावना कुलश्रेष्ठ का पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया वहीं संस्था उप प्राचार्य संजेश वर्मा द्वारा आगंतुक अतिथि शिक्षाविद् का विस्तृत परिचय प्रदान कर कार्यशाला को गतिशीलता प्रदान की। प्रशिक्षण के प्रथम दिवस में सक्रिय अधिगम रणनीतियां (Active Learning Strategies), शिक्षण एवं अधिगम में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI for Teaching & Learning) तथा जीवन कौशल शिक्षण (Teaching Life Skills) जैसे समकालीन एवं व्यवहारिक विषयों पर विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षक ने शिक्षकों को विद्यार्थी-केंद्रित शिक्षण, तकनीक के प्रभावी उपयोग तथा जीवनोपयोगी कौशलों को कक्षा शिक्षण में समाहित करने के व्यावहारिक उपायों से अवगत कराया। द्वितीय दिवस के सत्रों में उत्कृष्ट विद्यालयी नेतृत्व (E&emplary School Leadership), प्रभावी संप्रेषण कौशल (Effective Communication) तथा अभिभावक-शिक्षक संवाद एवं समन्वय (Parent-Teacher Communication) जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर गहन चर्चा की गई। प्रशिक्षण के दौरान विद्यालय प्रबंधन, नेतृत्व क्षमता, सकारात्मक कार्य संस्कृति, प्रभावी संवाद एवं अभिभावकों के साथ सशक्त समन्वय स्थापित करने के व्यावहारिक आयामों पर विशेष बल दिया गया। कार्यक्रम में सहभागियों ने सक्रिय भागीदारी करते हुए समूह चर्चा, गतिविधियों एवं व्यावहारिक अभ्यासों के माध्यम से अपने अनुभव साझा किए।